बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि०
**Bihar Urban Infrastructure Development Corporation Ltd.**
(A Govt. of Bihar Undertaking)
राजापुर पुल, पश्चिम बोरिंग कैनाल रोड, पटना – 800001 / Rajapur Pul, West Boring Canal Road, Patna-800001
E-mail: - mdbuidco@gmail.com, Website : http://buidco.in
CIN – U45200BR2009SGC014600
Building Better Tomorrow
ISO 9001:2008, 14001:2004

## कार्यालय आदेश

पत्रांकः–बुडको / यो०–2489 / 22(पार्ट–2)(Shadow File)–07 दिनांकः–13/2/24

बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि० (बुडको) के अन्तर्गत Construction of Comprehensive Storm Water Drainage Systems in Patna Nagar Nigam, Khagaul, Danapur, Phulwarisharif and Adjoining Area of Catchment- 6 (NIT No- BUIDCo/YO-2473/22 (Part-2)-45 (Gr-VI), दिनांक–08.11.2022) कार्य के निविदा में श्री रामाधार साह, वार्ड नं0–15, शिवहर, बिहार द्वारा वित्तीय वर्ष 2020–21 में 2589.00 लाख का CA Certificate समर्पित किया गया है। समर्पित दस्तावेज को UDIN से सत्यापित करने पर केवल 589.00 लाख का CA Certificate पाया गया।

तदोपरान्त बुडको के पत्रांक–1588, दिनांक–01.04.2023 द्वारा श्री रामाधार साह से स्पष्टीकरण की माँग की गई, जिसके आलोक में इन्होंने अपने पत्रांक–111, दिनांक–05.04.2023 द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित करते हुए प्रतिवेदित किया गया कि उक्त निविदा में उनके लेखापाल द्वारा भूलवश गलत CA Certificate समर्पित किया गया है।

श्री रामाधार साह द्वारा समर्पित उक्त स्पष्टीकरण के समीक्षोपरान्त पाया गया कि वर्णित निविदा में इनके द्वारा सभी कागजात इनके PKI से अपलोड है। PKI इनका Digital Signature है। अतः निविदा के सभी कागजात इनकी सहमति से Upload हुये हैं। वर्णित संदर्भ में पथ निर्माण विभाग, कार्यालय आदेश सं०–154 सह पठित ज्ञापांक–5403(एस०), पटना, दिनांक–18.06.025 के कंडिका–8 के क्रमांक–4 तथा नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–926, दिनांक–23.07.2018 के प्रावधानों के आलोक में श्री रामाधार साह को बुडको के पत्रांक–2749, दिनांक–08.06.2023 द्वारा अगले 10 वर्षों के लिए कालीकृत किया गया। साथ ही निविदा के साथ समर्पित अग्रधन के रूप में जमा राशि को जब्त किया किया गया।

उक्त निर्णय पर श्री रामाधार साह द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, पटना में वाद (CWJC No-13263/2023) दायर किया गया, जिसमें माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा दिनांक– 20.09.2023 को न्यायादेश पारित किया गया, जिसका Operative Para निम्नवत् हैः–

1) Accordingly, order dated 07-06-2023 / 08.06.2023 (Annexure P-4) stands set aside. Reserving liberty to the concerned official to proceed afresh while taking note of the principles laid down by the Apex Court decisions cited (supra).
2) Concerned authority is hereby directed to take note of the fact that imposition of blacklisting for ten years would be too harsh having regard to the alleged allegations levelled against the petitioner. This may also be taken note of by the concerned authority while passing a fresh order.

उक्त न्यायादेश के आलोक में बुडको के कार्यालय आदेश संख्या–108, दिनांक– 28.10.2023 सह पठित ज्ञापांक–5093, दिनांक–28.10.2023 के द्वारा बुडको के पत्रांक–2749, दिनांक–08.06.2023 द्वारा निर्गत आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया गया तथा श्री रामाधार साह से पुनः स्पष्टीकरण पूछने का निर्णय लिया गया। तदोपरान्त बुडको का पत्रांक–5300, दिनांक–13.11.2023 के माध्यम से संवेदक रामाधार

साह, वार्ड नं0–15, शिवहर, बिहार से पुनः स्पष्टीकरण की माँग की गई, जिसपर श्री रामाधार द्वारा अपने पत्रांक–203, दिनांक–16.11.2023 द्वारा पुनः बताया गया कि इनके लेखापाल द्वारा इनके PKI से वर्णित निविदा Upload किया गया तथा Upload करने के क्रम में CA Certificate में 589.00 लाख के स्थान पर 2589.00 लाख रुपये मानवीय भूलवश उनके बिना जानकारी के Upload कर दिया गया।

श्री रामाधार साह के उक्त प्रतिवेदन से स्पष्ट है कि निविदा इनके PKI से अपलोडेड है, जो इनका Digital Signature है। अतः ये निविदा में गलत कागजात अपलोड करने की जिम्मेवारी से मुक्त नहीं हो सकते हैं। इनके द्वारा अपने बचाव में कोई नया तथ्य प्रतिवेदित नहीं किया गया है। अतः ये प्रश्नगत निविदा में वर्ष 2020–21 का गलत Annual Turn Over Certificate संलग्न करने के दोषी हैं।

अतः रामाधार साह से पुछे गये स्पष्टीकरण तथा बिहार ठेकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 की कंडिका–11 (क) (vii) तथा नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार के पत्रांक–926, दिनांक–23.07.2018 के प्रावधानों के आलोक में निम्नांकित निर्णय लिया गयाः–

1) रामाधार साह के निबंधन संख्या–BRJP (Merged in BUIDCo) Reg. No-15/18 (Class-1) को दो वर्षों के लिये कालीकृत किया जाता है।

2) संबंधित निविदा में समर्पित EMD जब्त किया जाता है।

इस पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन,

ह0/–

**मुख्य महाप्रबंधक,**
बुडको, पटना।

ज्ञापांकः– पटना, दिनांकः–

प्रतिलिपिः–**प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख,** जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना / भवन निर्माण विभाग, बिहार / जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना / नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, बिहार, पटना / बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

**मुख्य महाप्रबंधक,**

ज्ञापांकः– पटना, दिनांकः–

प्रतिलिपिः–**सभी महाप्रबंधक,** बुडको, पटना / **सभी परियोजना निदेशक,** बुडको, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

**मुख्य महाप्रबंधक,**

ज्ञापांकः– 737 पटना, दिनांकः– 13/2/24

प्रतिलिपिः–**प्रबंधक (आई०टी०),** बुडको, पटना को बुडको वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13.02.24

**मुख्य महाप्रबंधक,**